St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar(2nd term) **Class**: 4 **Date**:20.07.2020

Topic- अपठित गद्यांश **Answer worksheet -5**

वृक्ष यानी पेड़ हमारे जीवन के लिए सबसे ज्यादा जरुरी है |वृक्ष ही हमें जीवन देते हैं | वृक्षों से ही हमें प्राणवायु यानी ऑक्सीजन मिलती है जिससे हम साँस ले पाते हैं | वृक्ष मिट्टी को फटने से रोकते हैं |वृक्षों से ही हमें लकड़ी मिलती है - जो जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारे काम आती है |वृक्षों से हमें फल - फूल और दवाइयाँ मिलती हैं | इसके पत्ते पूजा के काम आते हैं |लेकिन आजकल मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए वृक्षों को बिना सोचे - समझे काट रहे हैं जिससे धीरे - धीरे धरती पर हरियाली कम होती जा रही है और प्रदूषण बढ़ता जा रहा है |प्रदूषण के कारण मनुष्य ही नहीं , पशु - पक्षियों तथा जीव - जंतुओं का जीवन भी संकट में है |यदि हम अब भी नहीं सँभले तो वह दिन दूर नहीं जब हमें साँस लेने के लिए भी मशीनों की सहायता लेनी पड़ेगी |

<u>अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-</u>

1) वृक्ष हमें जीवन कैसे देते हैं ?

   उ) वृक्ष हमें जीवन देते हैं क्योंकि वृक्षों से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है जिससे हम साँस ले पाते हैं |

2) वृक्षों से हमें क्या - क्या मिलता है ?

   उ) वृक्षों से हमें फल - फूल और दवाइयाँ मिलती हैं | इसके पत्ते पूजा के काम आते हैं |

3) वृक्षों के कटने से क्या नुकसान हो रहा है ?

   उ) वृक्षों के कटने से धीरे - धीरे धरती पर हरियाली कम होती जा रही है और प्रदूषण बढ़ता जा रहा है |

4) प्रदूषण के कारण किसका जीवन संकट में है ?

   उ) प्रदूषण के कारण मनुष्य ही नहीं , पशु - पक्षियों तथा जीव - जंतुओं का जीवन भी संकट में है |

5) हमें साँस लेने के लिए मशीनों की सहायता क्यों लेनी पड़ेगी ?

उ) यदि वृक्षों का काटना नहीं रोका गया तो हमें साँस लेने के लिए मशीनों की सहायता लेनी पड़ेगी |

<u>खाली जगह भरो :-</u>

6) वृक्ष <u>मिट्टी</u> को फटने से रोकते हैं |

7) धीरे - धीरे धरती पर <u>हरियाली</u> कम होती जा रही है |

<u>सही और गलत लिखो :-</u>

8) वृक्ष हमें जीवन देते हैं | (सही)

9) मनुष्य वृक्षों को नहीं काट रहा | (गलत)

<u>दो सर्वनाम शब्द लिखो :-</u>

10) हमें

11) वह

<u>एक विशेषण शब्द लिखो :-</u>

12)हरियाली

<u>वचन बदलो :-</u>

13) पक्षियों - पक्षी

14) वृक्षों - वृक्ष

<u>पर्यायवाची शब्द लिखो :-</u>

15)धरती - धरा , भूमि

<u>लिंग पहचानो :-</u>

16)पेड़ - पुल्लिंग

17)मशीन - स्त्रीलिंग

<u>क्रिया शब्द छाँटकर लिखो :-</u>

18) काट रहे हैं

19) देते हैं

<u>वाक्य बनाओ :-</u>

20)मिट्टी - दुकान पर मिट्टी के बहुत सुंदर खिलौने हैं |

Poonam Mehra